**निरीक्षण** ▶ प्रदीप जायसवाल ने गर्डर की स्थापना कार्य का निरीक्षण किया

# वारा ओवर ब्रिज अप्रैल में होगा शुरू, नागरिक खुश

**नवभारत, वारासिवनी।** पूर्व मंत्री प्रदीप जायसवाल की बडी सौगातो मे शामिल आरओबी वारा फलाई ओवर के निर्माण के अंतिम चरणो के कार्यो का निरिक्षण करने पूर्व मंत्री प्रदीप जायसवाल अधिकारीयो की टीम के साथ स्थल पर पहुचे। गौरतलब है की सबसे बडी क्रेन से होते इस कार्य को देखने के लिये नगरवासीयो ने भी भारी उत्सुकता दिखाकर मेलेनूमा माहौल को बनाने का कार्य कर अपनी प्रसन्नता का इजहार किया।

एक सवाल पर गुडडा भैया ने स्पष्ट कहा की हमने ओवर ब्रीज के भूमीपूजन के पूर्व ही दूरदर्शित का परिचय देते हुये गायत्री मंदिर से वारा बायपास मार्ग और शिवधाम की नहर पर दो पूलिया का कार्य पूर्ण कर दिया था। जिससे वारासिवनी बालाघाट मार्ग पर भारी ट्रेफिक के बाद भी आवागमन सतत रूप से शुरू रहा था। और अब हम शिवधाम के बायपास मार्ग को भी हम जल्द बनाने के विषय मे गंभीर हो चुके है।

आरओबी वारा के निरिक्षण के समय अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कार्तिकेय जायसवाल, पीडब्लूडी ब्रिज विभाग के एसडीओ अर्जून सनोडिया, नपा के मुख्य अधिकारी सूर्यप्रकाश उके, रेल्वे टीम के अधिकारी उपेन्द्र सिंह के साथ सुनील बंटी पारधी, रितेश शर्मा, मोनू लिमजे, जसवंत पटले, राकी गिडवानी व गणमान्य नागरिकगण उपस्थित भी रहे।

ओवर ब्रिज पर भारी भरकम गडर के सबसे बडी क्रेन से स्थापित होते नजारे को देखने के लिये युवा वर्ग ने भी अपनी उत्सुकता दिखायी। पुल के उपर व नीचे से सैकडो मोबाईल हाथ मे लेकर रात्रि से ही रील व स्टोरी बनाने के द्रश्य नजर आये। और प्रात समय तो सोशल मिडिया पर इस द्रश्य को प्रत्येक प्लेटफार्म पर देखा गया। जिसमे गुडडा भैया का



धन्यवाद ज्ञापित करते हुये शब्द भी नजर आये।

वारासिवनी से जिला मुख्यालय मार्ग पर सबसे ज्यादा आवागमन दिनभर बना रहता है। इसी मार्ग पर वारा मे रेल्वे फाटक होने से दिन मे दर्जनो बार वाहनो के रूकने की परेशानी का अब अंत होने जा रहा है। अप्रैल माह के अंत मे इस फलाई ओवर के शुरू होने की प्रसन्नता क्षेत्रवासीयो मे साफ साफ देखी जा रही है। जिससे समय व ईंधन की बचत के फायदे भी जनता को समझ मे आ गये है। विशेषकर इसी मार्ग पर सीएम विधालय होने से हजारो स्कूली विधार्थीयो की खुशी भी शामिल है। गौरतलब है की बार बार रेल्वे का फाटक बंद होने पहले विद्यार्थीयो को अध्धयन व यहा तक की परिक्षा के समय भी विंलब होने की पीडा झेलनी पडती थी। किंतू अब फलाई ओवर जल्द शुरू होने की खुशी उनके चेहरो पर साफ नजर आ रही है।

### तेज गति से चल रहा निर्माण कार्य

पूछे जाने पर गुडडा भैया ने कहा की प्रसन्नता का विषय है की साउथ सेन्ट्रल रेल्वे के सबसे बडे बोत्सिंग गडर की स्थापना का कार्य तेज गति से सतत रूप से शुरू हो चुका है। लगभग 32 करोड के इस कार्य मे 76 मीटर लंबे और 12 मीटर उंचे इस गडर का कार्य सबसे बडी क्रेन मशीन से फरवरी के अंतिम सप्ताह मे पूर्ण कर लिया जायेगा। साथ ही शेष दो स्लैब के निर्माण के साथ ही अप्रैल 26 के अंतिम सप्ताह तक इस ओवर ब्रीज का कार्य समाप्त कर जनता को समर्पित कर दिया जायेगा।



# हमें धर्म व मानवता के मार्ग पर चलना चाहिए : दुबे

▶ **गजपुर में श्रीमद् भागवत कथा में उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब**

**नवभारत कटंगी 29 जनवरी।** ग्राम गजपुर में आयोजित श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह के चतुर्थ दिवस मंगलवार को व्यासपीठ पर विराजमान पं. भुवनकृष्ण दुबे के श्रीमुख से भगवान श्रीकृष्ण के पावन जन्मोत्सव का मार्मिक एवं भावपूर्ण वृतांत सुनाया गया। कथा श्रवण के दौरान जैसे ही श्रीकृष्ण जन्म का प्रसंग आया, पूरा कथा स्थल 'नंद के आनंद भयो' और 'जय श्रीकृष्ण' के गगनभेदी जयघोष से गूंज उठा। पं. दुबे ने अपने प्रवचन में कहा कि भगवान श्रीकृष्ण का अवतार अत्याचार, अन्याय और अधर्म के नाश के लिए हुआ। कथा सुनते हुए श्रद्धालु भावविभोर हो उठे और पूरे पंडाल में आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार होता दिखाई दिया।

### श्रीकृष्ण जन्म की आकर्षक झांकी सजाई गई

कथा स्थल पर श्रीकृष्ण जन्म की आकर्षक झांकी सजाई गई, जिसमें कारागार में देवकी-वसुदेव एवं बाल कृष्ण के दिव्य स्वरूप ने सभी का मन मोह लिया। जैसे ही श्रीकृष्ण जन्म की घोषणा हुई, श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर बाल गोपाल का स्वागत किया और सामूहिक आरती भी की गई। कथा के समानांतर ग्राम गजपुर के चौक-चौराहों और गलियों में भी कृष्ण जन्मोत्सव की धूम देखने को मिली। ग्रामवासियों ने ढोल-नगाड़ों की थाप पर नाचते-गाते हुए भजन-कीर्तन किया।

### फल व मिठाइयों का किया गया वितरण

कार्यक्रम के दौरान श्रद्धालुओं द्वारा चाकलेट, फल, मिठाइयां, माखन-मिश्री एवं प्रसाद का वितरण किया गया। आयोजन को सफल बनाने में समस्त आयोजन समिति, ग्रामवासियों एवं स्वयंसेवकों की सराहनीय भूमिका रही। श्रीमद् भागवत कथा के आयोजन से गांव में धार्मिक चेतना के साथ-साथ आपसी सद्भाव और सामाजिक एकता का संदेश भी मिला।

# डॉ आंबेडकर की मूर्ति लगाने सरपंच को ज्ञापन



**नवभारत, लालबर्रा।** लालबर्रा नगर मुख्यालय की ग्राम पंचायत पांडरवानी लालबर्रा में बालाघाट जिला बौद्ध संघ इकाई तहसील शाखा लालबर्रा के द्वारा आज ग्राम पंचायत कार्यालय लालबर्रा में सरपंच अनीस खान को बौद्ध संगठन द्वारा भारत रत्न डॉ भीमराव आंबेडकर जी की आदमकद मूर्ति लगाने हेतु ज्ञापन दिया गया है ज्ञात हो कि लालबर्रा बस स्टैंड पर डॉ भीमराव अंबेडकर जी की मूर्ति छोटी व बहुत पुरानी हो गई है जिसे देखते हुए बालाघाट जिला बौद्ध संघ इकाई लालबर्रा ने मूर्ति को बड़ी करने तथा स्थान परिवर्तन की मांग हेतु ग्राम पंचायत सरपंच अनीस खान को कार्यालय में ज्ञापन दिया है जिसमें भाऊ दास मेश्राम, ताराचंद कावडे, लवकुश रंगारे, देवानंद बोरकर, दिगम्बर कोल्हेकर, प्रमोद चौहान, अंजेलाल मेश्राम, विनोद मेश्राम, पुनाराम चौरे, विनोद सेंरे, अभिषेक निकोसे सहित संगठन के लोग थे।इस संबंध में लालबर्रा सरपंच अनीस खान ने चर्चा में बताया कि उन्हें बालाघाट जिला बौद्ध संघ इकाई तहसील लालबर्रा का आवेदन प्राप्त हुआ है। हमारे द्वारा भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर जी की आदम कद मूर्ति लगाने व स्थान परिवर्तन में भी पूरा सहयोग किया जाएगा।



# ग्रामीणों के साथ मनाया गणतंत्र दिवस

**नवभारत,बालाघाट।** शहर की चकाचौंध से दूर गरीब आदिवासी ग्रामीण क्षेत्रो में भी 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया। जर्जर स्कूलों का कायाकल्प होने के बाद कार्य में सहयोग करने वाले समाजसेवियों ने भी उन स्कूलों में जाकर ध्वजा रोहण किया और अध्ययनरत छात्रों को शिक्षण सामाग्री वितरित की। एकीकृत शाला परिसर पितकोना में पेसिफिक मिनरल कंपनी के डायरेक्टर वेदानंद राय की पुत्री डाक्टर रूपम प्रिया राय ने ध्वजारोहण कर अध्ययनरत 150 छात्रों और आंगनवाडी के बच्चो को स्कूली बैग, कॉपी, कंपास, पेंसिल सहित पढ़ाई से संबंधित अन्य सामग्री का वितरण कर उन्हे गणतंत्र दिवस की शुभकामनायें दी।

# वैनगंगा माइनिंग वर्क्स ने स्कूल को दिये टेबल ओर बेंच

**नवभारत,बालाघाट।** समाज में ऐसे बहुत ही कम लोग होते है जो अपना व्यवसाय करने के साथ साथ उसी समझ क्षेत्र गरीब ओर स्कूली बच्चों की परेशानी को अपनी परेशानी समझे ओर उस समस्या को हल करे ।

ऐसा ही मामला जिले से लगे परसवाड़ा विधानसभा के क्षेत्र अंतर्गत समनापुर के पास मगरदर्रा स्कूल का है जिसमें बच्चों को पढ़ाई हेतु बैठने के लिए टेबल ओर बेंच की कमी का सामना करना पड़ रहा था । इस बात की जानकारी बालाघाट में कुछ ही दिन पहले टेंडर लेने वाली समूह रेत खदान एमडीओ मेसर्स वैनगंगा माइनिंग वर्क्स प्रा लि भोपाल को लगी तो उन्होंने तत्काल ही दिनांक 28 जनवरी 2026 को जिले के कलेक्टर श्री मृणाल मीणा , परसवाड़ा के विधायक श्री मधु भगत एवं पूर्व विधायक श्री राम किशोर कावरे जी के निर्देशन मे शासकीय प्राथमिक शाला मगरदर्रा स्कूल के छात्रों एवं छात्राओं के लिए बेन्च एवं टेबिल का वितरण किया गया ।जिसमे बड़ी संख्या मे स्कूल के बच्चे, शिक्षक, सरपंच, ग्रामीणजन एवं प्रभारी अधिकारी माइनिंग कार्पोरेशन बालाघाट की उपस्थिति रही । इस सराहनीय कार्य से क्षेत्र मे उत्साह के साथ बच्चों में खुशिया भी देखी गई ।



## बोर्ड परीक्षाओं को देखते हुए ध्वनि विस्तारक यंत्रों पर लगाया गया प्रतिबंध

**बालाघाट।** आगामी दिनों में आयोजित होने वाली स्कूलों की बोर्ड परीक्षा, वार्षिक परीक्षा एवं महाविद्यालयीन परीक्षाओं के सुव्यवस्थित संचालन तथा परीक्षार्थियों को अध्ययन के दौरान किसी तरह का व्यवधान न हो इसके लिए कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी मृणाल मीना ने मध्यप्रदेश कोलाहल नियंत्रण अधिनियम 1985 के अंतर्गत जिले में बिना अनुमति के ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग पर प्रतिबंध लगा दिया है। इस संबंध में दिये गए आदेश में कहा गया है कि कोई भी व्यक्ति ध्वनि विस्तारक यंत्र जैसे लाउड स्पीकर, डी.जे, बैंड-बाजा, जुलुस, इत्यादि का उपयोग तथा किसी आमसभा, जुलूस, सम्मेलन जलसा, खेल प्रतियोगिता और किसी भी निजी/सार्वजनिक कार्यक्रमो में सक्षम अधिकारी की अनुमति के बिना नही करेगा। परीक्षाओं के संचालन हेतु बनाये गये परीक्षा केन्द्रों से 200 मीटर की परिधि के भीतर कोई ध्वनि विस्तारक यंत्र नहीं चलाया जाएगा। जहाँ कोई ध्वनि विस्तारक यंत्र उपर्युक्त दूरी से परे चलाया जाता है, वहाँ उसके वॉल्यूम को इस प्रकार नियंत्रित किया जाएगा कि जिससे परीक्षा केन्द्रों को कोई विघ्न न पहुँचे या न्यूसेंस कारित न हो।

# लामटा में शान व उल्लास के साथ मनाया गया गणतंत्र दिवस



**नवभारत, लामटा।** सम्पूर्ण ग्राम लामटा में 26 जनवरी को 77वां गणतंत्र दिवस पूरे उत्साह, अनुशासन एवं देशभक्ति के वातावरण में मनाया गया। इस अवसर पर ग्राम के सभी शासकीय एवं अशासकीय कार्यालयों तथा शैक्षणिक संस्थानों में ध्वजारोहण कार्यक्रम आयोजित किए गए, वहीं विद्यालयों द्वारा निकाली गई रैलियों एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने नगर को देशभक्ति के रंग में रंग दिया।

गणतंत्र दिवस के अवसर पर तहसील कार्यालय लामटा, थाना लामटा, ग्राम पंचायत लामटा एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लामटा में अधिकारियों एवं कर्मचारियों की उपस्थिति में राष्ट्रध्वज फहराया गया तथा राष्ट्रगान के साथ संविधान के मूल्यों को आत्मसात करने का संकल्प लिया गया। इसी क्रम में ग्राम के सभी विद्यालयों द्वारा विद्यार्थियों की देशभक्ति रैलियाँ निकाली गईं। शासकीय उच्चतर शाला लामटा के विद्यार्थियों द्वारा गाजे-बाजे के साथ निकाली गई विशाल रैली ने विशेष आकर्षण का केंद्र रही, जिसकी अनुशासित एवं भव्य प्रस्तुति की सभी ग्रामवासियों ने मुक्त कंठ से सराहना की। वहीं सरस्वती शिशु मंदिर लामटा द्वारा निकाली गई रैली में बच्चों की अधिक संख्या एवं रैली की लंबाई देखकर नगरवासियों में विशेष उत्साह एवं आश्चर्य का भाव देखने को मिला।

इसके साथ ही ग्राम पंचायत लामटा के तत्वावधान में गांधी चौक लामटा में भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें लामटा के शासकीय विद्यालयों एवं सरस्वती शिशु मंदिर लामटा के छात्र-छात्राओं द्वारा देशभक्ति गीत, नृत्य एवं नाट्य की रंगारंग प्रस्तुतियाँ दी गईं।

कार्यक्रम को और अधिक प्रभावशाली बनाते हुए लिटिल स्टेप्स इंग्लिश स्कूल लामटा के विद्यार्थियों ने थाना के सामने चौक पर कराटे प्रदर्शन, देशभक्ति नृत्य एवं नुक्कड़ नाटक के माध्यम से सामाजिक संदेश देते हुए दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

कार्यक्रमों के दौरान देश की एकता, अखंडता एवं संविधान के महत्व पर प्रकाश डाला गया। बड़ी संख्या में ग्रामवासी, जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# चीनी-परसवाड़ा में 44वीं क्षेत्रीय व्हॉलीबाल प्रतियोगिता शुरू

**नवभारत, परसवाड़ा।** 'मेरा गांव, मेरा तीर्थ' की भावना को साकार करते हुए स्वामी विवेकानंद स्पोर्टिंग क्लब, चीनी-परसवाड़ा के तत्वावधान में 44वीं क्षेत्रीय व्हॉलीबाल प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया जा रहा है। यह प्रतियोगिता खेल परिसर, चीनी में गुरुवार 29 जनवरी 2026 से रविवार 1 फरवरी 2026 तक आयोजित होगा। प्रतियोगिता में महिला एवं पुरुष वर्ग की क्षेत्रीय टीमें हिस्सा लें रही है। महिला वर्ग में प्रथम पुरस्कार ?7001/- एवं द्वितीय पुरस्कार ?4001/- रखा गया है।



वहीं पुरुष वर्ग में प्रथम पुरस्कार ?21001/- एवं द्वितीय पुरस्कार ?15001/- निर्धारित किया गया है। प्रतियोगिता का शुभारंभ ग्राम चीनी के वरिष्ठ ग्रामीणों की मौजूदगी में शुभारंभ किया गया है। प्रतियोगिता का समापन रविवार 1 फरवरी 2026 को होगा, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में मधु भगत (विधायक परसवाड़ा), गौरव सिंह पारधी (विधायक कटंगी) एवं राजकुमार करहि (विधायक लांजी)

मुख्य अतिथि समल सिंह धुर्वे (जनपद पंचायत अध्यक्ष), श्रीश प्यासी (एसडीएम परसवाड़ा) एवं डी.आर. उइके (जनपद पंचायत परसवाड़ा सीईओ) के आतिथ्य में होगा।

## जिले के प्रथम स्मार्ट फिश पार्लर का वारासिवनी में हुआ शुभारंभ

**बालाघाट।** संचालनालय मत्स्योद्योग भोपाल के निर्देशानुसार मुख्यमंत्री मछुआ समृद्धि योजनान्तर्गत स्मार्ट फिश पार्लर की स्थापना की जा रही है। इसी क्रम में नगरपालिका वारासिवनी द्वारा गाइडलाइन के अनुसार स्मार्ट फिश पार्लर का निर्माण कार्य पूर्ण कर 29 जनवरी को पूर्व मंत्री श्री प्रदीप जायसवाल एवं नगर पालिका अध?यक्ष श्रीमती सरिता मनोज दांद्रे एवं पार्षदों की उपस्थिति में उसका विधिवत शुभारंभ किया गया।

## धार्मिक कार्यक्रमों में शामिल हुये प्रदीप जायसवाल

**नवभारत, वारासिवनी।** विधानसभा क्षेत्र के खुर्सीपार, चुटिया, गुनई व बकोडी ग्राम पंचायत मे आयोजित विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमो के एक ही दिवस मे शामिल होकर पूर्व मंत्री प्रदीप जायसवाल ने संतो का आर्शीवाद प्राप्त किया। इस अवसर पर उन्होने प्रबुद्व ग्रामीणजनो से चैपालनुमा चर्चा कर क्षेत्र मे विकास कार्यो के प्रभावित होने के संदर्भ मे लंबे समय तक खुलकर चर्चा भी की। ग्राम खुर्सीपार मे श्री अवधुत सत्संग मंडल के तत्वाधान मे आयोजित संगीतमय राम कथा मे शामिल होकर गुडडा भैया ने व्यासपीठ को नमन कर महाराज जी का आर्शीवाद प्राप्त किया।

# जुआ फड़ पर रेड, दो जुआरी पकड़ाये

**नवभारत, खैरलाँजी।** थाना प्रभारी रामसिंह पटेल के मार्गदर्शन मे खैरलाँजी पुलिस ने ग्राम खरखड़ी के पास बाड़ी में जुआ खेलने की सूचना प्राप्त होने से रेड कार्यवाही की गई। जिसमें खैरलांजी पुलिस द्वारा घेराबंदी कर जुआ खेल रहे 4 आरोपी को पकड़ने गए जिसमे 2 आरोपी पकड़े गए एवं 2 आरोपी फरार हो गए हैं। आरोपियों से 37800 रू. जप्त किये जहाँ से आरोपी अशोक भगत पिता सुखदेव भगत निवासी गुबडगोंदी, एवं अमित पिता पुरन दास बागड़े निवासी खैरी को पुलिस ने धर



दबोचा वही मौके से दो आरोपी फरार परमेश्वर बनिवार निवासी रामपायली और विशाल मस्खरे निवासी खैरलांजी जुए की फाड़ से नगद और ताश पत्ती जब तक किया गया पुलिस ने आरोपियों पर अप. क्रम.24/26 सार्वजनिक जुआ एक्ट धारा 13 में के तहत कार्यवाही की सराहनीय भूमिका विवेक ठाकरे,आर. आकाश अहिरवार,विष्णु जाट, दयानंद दोहरे , हेमराज कोकटे ने आरोपियों को धर दबोचा।



# एक दिवसीय राष्ट्रीय वेबीनार का सफल आयोजन

**नवभारत, बालाघाट।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस, शासकीय जटाशंकर त्रिवेदी स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बालाघाट के रसायन शास्त्र विभाग द्वारा आज दिनांक 28 जनवरी 2026 (बुधवार) को 'डिजिटल एवं इमर्जिंग एरिया में बौद्धिक संपदा 'विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय वेबीनार का सफल आयोजन किया गया।इस राष्ट्रीय वेबीनार का आयोजन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अशोक कुमार मराठे के संरक्षण एवं मार्गदर्शन तथा रसायन शास्त्र विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. उषा सिंह के नेतृत्व में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य डॉ. अशोक कुमार मराठे एवं विभागाध्यक्ष डॉ. उषा सिंह द्वारा माँ सरस्वती के स्मरण के साथ किया गया।

वेबीनार के प्रथम राष्ट्रीय प्रवक्ता श्री जानाना तेजा बंडी, आईपीआर कंसलटेंट एवं पेटेंट एजेंट, हैदराबाद ने अपने उद्बोधन में डिजिटल युग में बौद्धिक संपदा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि किस प्रकार नवाचार, शोध एवं तकनीकी खोजों को पेटेंट, कॉपीराइट एवं अन्य बौद्धिक संपदा अधिकारों के माध्यम से सुरक्षित किया जा सकता है।वेबीनार के द्वितीय प्रवक्ता डॉ. भारत और पाटिल, एसोसिएट प्रोफेसर, रसायन शास्त्र विभाग, आर. एफ. एन. एस. सीनियर साइंस कॉलेज, जिला नंदुरबार (महाराष्ट्र) ने अपने व्याख्यान में छात्रों एवं शोधार्थियों को बौद्धिक संपदा संरक्षण की प्रक्रिया, इसके व्यावहारिक पक्ष एवं शोध में इसकी उपयोगिता के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की।एक दिवसीय इस राष्ट्रीय वेबीनार का संचालन कन्वीनर डॉ. राकेश चौरे, असिस्टेंट प्रोफेसर, रसायन शास्त्र विभाग द्वारा कुशलतापूर्वक किया गया।

# कम्यूनिटी हेल्थ ऑफिसर का वेतन काटने के आदेश

▶ **सीएचएमओ के निरीक्षण के दौरान मिले अनुपस्थित**

**किरनापुर नवभारत 29 जनवरी।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. परेश उपलप ने 23 जनवरी को आकस्मिक निरीक्षण के दौरान आयुष्मान आरोग्य मंदिर हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर बेलगांव के कम्यूनिटी हेल्थ आफिसर सुनील पांचे के अनुपस्थित रहने एवं स्वास्थ्य केंद्र पर ताला लगा पाये जाने पर उनका 3 दिन का वेतन काटने के आदेश दिये है।

सीएमएचओ डॉ. उपलप द्वारा 23 जनवरी को सायं 4:51 बजे आयुष्मान आरोग्य मंदिर हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर बेलगांव, विकासखंड किरनापुर का आकस्मिक निरीक्षण किया गया था। निरीक्षण के दौरान बेलगांव



स्वास्थ्य केंद्र पर ताला लगा पाया गया। मौके पर उपस्थित ग्रामीणों ने बताया कि केंद्र में पदस्थ कम्यूनिटी हेल्थ ऑफिसरसुनील पांचे मुख्यालय में निवास नहीं करते हैं तथा दूरस्थ ग्राम से प्रतिदिन आना-जाना करते हैं, जिसके कारण आकस्मिक स्थिति में ग्रामीणों को स्वास्थ्य सेवाएं समय पर उपलब्ध नहीं हो पातीं है।

### लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी : डॉ . उपलप

जांच में यह भी सामने आया कि निर्धारित मुख्यालय में निवास नहीं करने के कारण 21 से 23 जनवरी तक कुल तीन दिन बेलगांव की स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित रहीं है। सीएमएचओ डॉ. उपलप ने स्पष्ट किया है कि स्वास्थ्य सेवाओं की निरंतरता एवं ग्रामीणों को समय पर उपचार उपलब्ध कराना सर्वोच्च प्राथमिकता है तथा इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।


## कार्यालय, प्राचार्य शासकीय कमला नेहरू कन्या महाविद्यालय बालाघाट (म. प्र. )

**निविदा आमंत्रण सूचना**

महाविद्यालय में अध्यनरत छात्राओं के लिए खेलकूद सामग्री, प्रयोगशाला सामग्री और अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के छात्राओं को निशुल्क वितरण हेतु स्टेशनरी एम. पी. टेंडर ई-पोर्टल https://mptenders.gov.in से क्रय किया जाना है। इस हेतु खुली निविदा आमंत्रित की जाती है -

| सामग्री विवरण | निविदा सूचना क्रमांक | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|
| Sports Item | 2026_HED_478998_1 | 21/02/2026 |
| Lab Equipment | 2026_HED_478772_1 | 21/02/2026 |
| Stationery Items | 2026_HED_478928_1 | 21/02/2026 |

निविदा की शर्तों / परिवर्तन आदि कि विस्तृत जानकारी एम. पी. टेंडर ई-पोर्टल पर देखी जा 21/02/2026 सकती है।

**प्राचार्य**
**शासकीय कमला नेहरू कन्या महाविद्यालय बालाघाट (म.प्र.)**